समाचार

लाकडाउन उल्लंघन पर आज भी हुई कार्यवाही

(विभिन्न जोनों में लाकडाउन उल्लंघन करने वालों पर लगाया गया 9800 रूपये का अर्थदण्ड)

कोरबा 03 मई 2021 –लाकडाउन के उल्लंघन पर नगर निगम कोरबा द्वारा कड़ी नजर रखते हुए उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज भी निगम के बालको, दर्री , सर्वमंगला जोनांतर्गत लाकडाउन उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग से निगम अमले ने 9800 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उन्हें लाकडाउन का पालन करने के लिए कड़ी हिदायत दी।

लाकडाउन के दौरान दुकान खोलने एवं निर्धारित समय के पश्चात फल, सब्जी का विक्रय कर लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर आज भी कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालको जोन में 9100 रूपये, दर्री जोनांतर्गत 500 रूपये, सर्वमंगला जोनांतर्गत 200 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया तथा कड़ी हिदायत दी गई कि यदि दोबारा उनके द्वारा लाकडाउन का उल्लंघन किया जाता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।